## खबर संक्षेप



### टीकारण व गौशाला सत्यापन अभियान जारी

**कटनी।** पशुपालकों को सशक्त बनाने, दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने एवं पशुओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकासखंड रीठी अंतर्गत ग्राम भरतपुर, मढ़िया एवं जमुनिया में सोमवार को क्षीर धारा ग्राम योजना के तहत बेसलाइन सर्वेक्षण, एफएमडी टीकाकरण एवं गौशाला सत्यापन का संयुक्त अभियान संचालित किया गया। उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विकास डॉ आर के सोनी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पशुपालन विभाग के अमले द्वारा घर-घर पहुंचकर पशुओं का विस्तृत बेसलाइन सर्वे किया गया, जिसमें पशुओं की संख्या, नस्ल, दुग्ध उत्पादन क्षमता एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी संकलित की गई। साथ ही, पशुओं को खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) बीमारी से बचाव हेतु टीकाकरण किया गया, जिससे पशुधन को संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखा जा सके। अभियान के तहत क्षेत्र की गौशालाओं का भी सत्यापन किया गया। इस दौरान गौशालाओं में पशुओं की संख्या, देखभाल, चारे-पानी की उपलब्धता एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि क्षीर धारा ग्राम योजना के माध्यम से दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ पशुपालकों की आय में वृद्धि करना प्रमुख लक्ष्य है।



### जनगणना के लिए 188 कर्मी हुए प्रशिक्षित

**कटनी।** भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय दिवस सोमवार को नालंदा कॉमर्स कॉलेज, झिंझरी में संपन्न हुआ। वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक के कुल 188 प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनगणना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, लोकेशन विवरण अंकन, लाइन क्रमांक, भवन संख्या एवं जनगणना मकान संख्या का निर्धारण, स्व-गणना संदर्भ आईडी का उपयोग, भवन एवं जनगणना मकान के बीच अंतर, फर्श, दीवार एवं छत की मुख्य सामग्री का विवरण, जनगणना मकान का वास्तविक उपयोग एवं उसकी स्थिति, परिवार क्रमांक, परिवार के सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया से संबंधित जानकारी, मकान के स्वामित्व की स्थिति तथा आवास हेतु उपलब्ध कमरों की संख्या जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### नाबालिक का अपहरण कर बलात्कार करने वाला आरोपी पकड़ा गया

**कटनी।** एक 17 वर्षीय बालिका का अपहरण कर बलात्कार करने वाले आरोपित को पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस ने बताया कि शिकायत मिली थी कि एक नाबालिक को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए रैपुरा थाना क्षेत्र के पास से आरोपित उदयशंकर आदिवासी के पास से नाबालिका को दस्तयाब करते हुए मेडिकल कराया गया, रिपोर्ट में गर्भवती की पुष्टि हई। पुलिस ने आरोपी उदयशंकर आदिवासी पिता छोटेलाल उर्फ बंटी आदिवासी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम हरदुआ रावजू थाना रैपुरा जिला पन्ना को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी को माननीय न्यायालय पेश करने पर जेल भेज दिया गया है ।

## पुलिस व महिला बाल विकास की संयुक्त कार्रवाई, शहर में 1 व ढ़ीमरखेड़ा में रोके 2 विवाह

# अक्षय तृतीया पर हो रहे तीन बाल विवाह को प्रशासन ने रोका, परिजनों की दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अक्षय तृतीया पर बाल विवाह करने की अलग-अलग कोशिशों को समय रहते रोक दिया। उड़नदस्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नाबालिग बालिकाओं के विवाह निरस्त कराए गए। परिजनों को कानून की जानकारी देकर समझाइश दी गई।

मामले के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग को सूचना प्राप्त हुई कि आधार कॉप में एक 18 वर्ष से कम आयु की बालिका का विवाह किया जा रहा है। सूचना प्राप्त होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग एवं कोतवाली थाना की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम द्वारा बालिका एवं बालक के आयु सम्बन्धी दस्तावेजों की जाँच कर पाया गया कि बालिका की आयु 16 वर्ष है और बालक की आयु 22 वर्ष है।

अधिकारियों द्वारा परिजनों, बारातियों, बैंड, कैटरिंग कर्मियों, कैमरा मैन को बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु की बालिका का



विवाह बाल विवाह है, जो अपराध की श्रेणी में आता है। संयुक्त टीम के परामर्श उपरांत परिजन बालिका के 18 वर्ष के होने के उपरांत विवाह करने पर सहमत हो गये । संयुक्त टीम में निधि पटेल, पर्यवेक्षक, रजनीश सोनी, महिला एवं बाल विकास, सुनील सिंह, कोतवाली थाना आदि सम्मिलित रहे।

इसी प्रकार ढ़ीमरखेड़ा क्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों में बाल विवाह कराए जाने का मामला सामने आया। बताया जाता है कि ढ़ीमरखेड़ा अंतगर्त ग्राम संकुई के दो 21 वर्ष से कम आयु के बालकों का विवाह किया जा रहा था। बालकों का विवाह जिन बालिकाओं से तय हुआ था, उनमें से एक बालिका ग्राम पिपरिया सहलावन की थी, जिसकी आयु 19 वर्ष थी। वहीं दूसरी बालिका जो ग्राम बरेली की थी जिसकी आयु 20 वर्ष पाई गई। अंजना पटेल, पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की टीम द्वारा दोनो बालकों के परिजनों को समझाया गया कि विवाह के लिए वर की वैधानिक आयु 21 वर्ष है। इससे कम आयु में बालक का विवाह करना कानूनन अपराध है। मौके पर टीम द्वारा पंचनामा भी तैयार किया गया। परिजनों द्वारा बालकों की आयु 21 वर्ष होने पर विवाह करने की सहमति दी गई।

सूचना मिलने के बाद जब वर व वधु की जानकारी संबंधित कागजात की छानबीन की गई तो उक्त दोनों बाल विवाह की श्रेणी में पाए गए। संबंधित अधिकारियों व पुलिस ने परिजनों से चर्चा कर बाल विवाह के कानून के बारे में बताया तथा दोनों विवाहों को रोका गया। प्रशासन द्वारा अक्षय तृतिया में हो रहे बाल विवाह रोकने के लिए उड़नदस्ता बनाकर निगरानी रखी जा रही थी।

## गेहूं की नरवाई जलाने से लगी आग कार सहित सामग्री जलकर क्षतिग्रस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रशासन द्वारा गेहूं की नरवाई जलाने पर लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद लोग नरवाई जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें नरवाई में लगी आग की लपटों ने एक कार को अपनी चपेट में ले लिए और पल भर में ही उसे जलाकर खाक कर दिया।

मामला श्री कृष्ण धाम कॉलोनी एवं वेद मल्टी के बीच स्थित खेत का सामने आया है जहां नरवाई जलाने से अचानक आग भड़क उठी, जिसकी चपेट में पास का रिहायशी क्षेत्र आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो आग की लपटें काफी तेजी से फैलते हुए श्री कृष्ण धाम कॉलोनी निवासी पुष्पेंद्र गौतम के परिसर तक पहुंच गईं। आग की लपटें इतनी भीषण थी कि, वहीं पास में खड़ी एक कार को पल भर में धू धू कर जलाकर स्वाहा कर दिया जिसके बाद आग की लपटों ने पास के क्षेत्र में रखे घरेलू सामग्री को भी आग ने अपने आगोश में ले लिया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि आग देखते ही तत्काल उसे बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक आग को काबू किया जाता जब तक कार व अन्य सामग्री पूरी तरही जलकर खाक हो गई थी, काफी मशक्कत के बाद आग को काबू किया गया जिससे बड़ी दुर्घटना जनहानि टल गई, लेकिन कार, ऑटो एवं अन्य सामान जल गया।

गौरतलब है कि कलेक्टर द्वारा नरवाई जलाने पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद किसानों द्वारा लापरवाहीपूर्वक नरवाई जलाना प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना माना जा रहा है। किसान प्रशासन के आदेशाके को अनदेखा कर रहे हैं जिससे आए दिन घटनाओं की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## गांजा की अंतर्राज्यीय तस्करी कर रही महिला को पुलिस ने दबोचा, मामला दर्ज

*50 हजार रूपये का गांजा बरामद, उत्तर प्रदेश से हो रही तस्करी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

थाना प्रभारी कोतवाली ने गांजा की तस्करी कर रही एक महिला को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि मुखबिरों से लगातार सूचना प्राप्त हो रही थी कि महिलाओं के माध्यम से गांजा/स्मैक की तस्करी को अंजाम दिया जा रहा है। जिस कारण संदिग्ध महिलाओं पर विशेष निगाह रखी जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक 40-45 वर्ष की महिला जो कि अपने साथ में नीले रंग का बैग लिए है और गिरजाघाट के पास गांजा विक्रय करने के लिए किसी ग्राहक का इंतजार कर रही है। सूचना पर गिरजाघाट के पास पहुंचकर देखा



कि मुखबिर के बताए गए हुलिए की एक महिला जो अपने पास नीले रंग का बैग लिए हुए है, पुलिस की गाड़ी को देखकर काफी हड़बड़ा गई और तेजी से चलकर भागने की प्रयास करने लगी, जिस पर पुलिस ने रोककर उससे पूछताछ की संदिग्ध महिला से अपना नाम किरन देवी पति चुनवाद बर्मन उम्र 46 वर्ष नि. ग्राम पछौहा थाना कमासी जिला बांदा (उ.प्र.) की रहने वाली होना बताई। मौके पर उपस्थित स्वतंत्र साक्षियों के समक्ष महिला के साथ में लिए हुए बैग की चैन खुलवाकर देखा तो बैग के अंदर बड़ी पॉलीथीन में हरे रंग का डंठलनुमा पदार्थ मिला जिसके बारे में पूछने पर महिला द्वारा गांजा होना बताया। मौके पर ही अवैध मादक पदार्थ की तौल किए जाने पर कुल मात्रा 3.756 कि.ग्रा होना पाई गई, जिसका बाजार मूल्य 50000 रू है। आरोपिया का कृत्य धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का मामला के तहत कार्रवाई की।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन नशे के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है जिस पर जिले भर के थाना प्रभारियों को नशे का अवैध करोबार बंद कराए जाने के आदेश जारी किए गए हैं।

## छह दिवसीय कार्यशाला में स्पीक मैके के तहत हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्पीक मैके के अंतर्गत 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कत्थक नृत्य एवं आर्टस पैंटिंग में छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया, कार्यक्रम सायना इंटरनेशनल स्कूल में आयाजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक धरोहर को जोड़ कर रखना है। इस कार्यक्रम में राजधानी दिल्ली से पधारी सुप्रसिद्ध नृत्यांगना प्रियंका शाह एवं राजस्थान (चित्तौड़गढ) से आए आर्ट्स पैंटिंग के आर्टिस्ट दिलीप जोशी एवं सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का अभिवादन करतल ध्वनि के साथ किया। इस कार्यक्रम में सायना के



छात्र- छात्राओं ने पारंपरिक वेषभूषा में अत्यंत सुंदर और आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी, जिनमें ताल, लय, हस्त भावभंगिमा तथा भावों का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। कत्थक नृत्य के माध्यम से कलाकारों ने विभिन्न भावों और कथाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल सांस्कृतिक ज्ञान को बढ़ाते हैं बल्कि विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और रचनात्मकता का भी विकास करते हैं। नई शिक्षा नीति के कारण आ रहे परिवर्तनों को स्वीकार करते हुए पठन-पाठन की शैली भी बदलनी होगी।

## बिना पंजीयन कुत्ता पाला तो अब खैर नहीं, लगेगा भारी भरकम जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 एवं 1961 की प्रासंगिक धाराओं के तहत नगरीय क्षेत्र में पालतू श्वानों के सुव्यवस्थित प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा पालतू श्वानों के पंजीयन को अनिवार्य किया गया है। बिना पंजीयन श्वान पालने पर जुर्माने की कार्रवाई की जा सकती है। दिनों दिन बढ़ रही कुत्तों की संख्या और पालतू कुत्तों के हमलों को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम ने सख्ती नीति बनाई है।

शहर में अब तक 18 श्वान मालिकों द्वारा अपने पालतू श्वानों का



पंजीयन निगम कार्यालय में कराया जा चुका है। निगम प्रशासन ने शेष श्वान पालकों से निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने की अपील की है। इच्छुक श्वान मालिक नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग (कक्ष क्रमांक 66) अथवा संबंधित वार्ड के दरोगा से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

पंजीयन के लिए आवेदन पत्र के साथ श्वान का फोटो, टीकाकरण संबंधी जानकारी, निवास एवं स्वच्छता व्यवस्था का विवरण तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना होगा। निर्धारित 150 रुपये वार्षिक शुल्क स्वास्थ्य शाखा में जमा कर पंजीयन की प्रक्रिया सरलता से पूर्ण की जा सकती है।

बिना पंजीयन श्वान रखने पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य शहर में पालतू एवं आवारा श्वानों का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करना, रेबीज जैसी बीमारियों की रोकथाम करना तथा आम नागरिकों की सुरक्षा बढ़ाना है। पंजीयन के माध्यम से श्वानों के पंजीयन से शिकायतों के त्वरित निराकरण में भी सुविधा मिलेगी।

## शातिर ऑटो चोर को पुलिस ने पकड़ा वाहन श्मशान की झाड़ियों के पीछे से बरामद

*13 अप्रैल को घंटा घर से ऑटो लेकर हो गया था फरार*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना क्षेत्र से चोरी हुए एक ऑटो को पुलिस ने बरामद कर आरोपित को पकड़ने में सफलता हासिल ही है। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि 13 अप्रैल को मझगवां फाटक निवासी नरेश चौधरी पिता लल्ला चौधरी थाना कोतवाली उपस्थित होकर शिकायत के माध्यम से बताया कि वह आटो चलाता है वह जब अपने परिवार को साथ अपनी ऑटो क्रमांक MP21R4283 से कटनी आया था, घंटाघर में ऑटो खड़ा करके परिवार के साथ बाजार खरीददारी करने चला गया। शाम करीब 06.30 बजे जब बाजार से लौटा तो देखा कि जहां ऑटो खड़ा



किया था वहां पर नही था। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप. क्र. 368/2026 धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस ने मामले को जांच में लेते हुए विवेचना करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरे चैक किए। इस दौरान फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति ऑटो चोरी कर ले जाते हुए दिखा। टीम के द्वारा सभी संभावित रास्तों पर संदेही व चोरी गए ऑटो की पता तलाश की गई। जिसके संबंध में कुछ अहम सुराग हाथ लगे, जिसके आधार पर दुर्गा चौक खिरहनी थाना एनकेजे निवासी बंटी चौधरी उर्फ बिस्सू चौधरी पिता सूरज चौधरी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। जिसके द्वारा घंटाघर से ऑटो क्रमांक MP21R4283 को चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी किए गए ऑटो को रोशन नगर में केन्द्रीय विद्यालय एनकेजे के पीछे मरघटाई के पास से झाड़ियों में से बरामद किया गया। आरोपी ने पूछताछ पर अपने नशे की आदतों को पूरा करने के लिए चोरी की घटना को अंजाम देना बताया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय, प्र.आर. रमाकांत तिवारी, अनिल सेंगर, वीरेन्द्र सिंह, पुष्पराज सिंह की अहम भूमिका रही।

## ड्रोन तकनीक से किसानों को मिली नई राह

# तकनीक के सहारे हेमलता ने बदली खेती की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा विकासखंड के छोटे से ग्राम खिरहनी की रहने वाली हेमलता विश्वकर्मा आधुनिक तकनीक के सहारे खेती को नई दिशा दे रही हैं और अपनी मेहनत से आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम कर रही हैं। बड़वारा के आस-पास के कई गांवों में "ड्रोन दीदी" के नाम से पहचानी जाने वाली हेमलता ने यह साबित कर दिया है कि अगर हौसले बुलंद हों, तो गांव की मिट्टी से भी आसमान की ऊंचाई नापी जा सकती है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर वर्ष 2019 में शुरू हुई उनकी यात्रा आज प्रेरणा की कहानी बन चुकी है। उन्होंने सीसीएल और



सीआईएफ के माध्यम से 2.40 लाख रुपये का ऋण लिया और समय पर उसे चुकाकर अपनी जिम्मेदारी और विश्वास का मजबूत परिचय दिया।

लेकिन हेमलता की सोच यहीं तक सीमित नहीं रही। उन्होंने वर्ष 2024 में इंदौर और भोपाल में ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण लेकर खुद को तकनीक से जोड़ा। यही प्रशिक्षण उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। उन्होंने ड्रोन के जरिए खेतों में दवा और खाद के छिड़काव की आधुनिक तकनीक अपनाई और देखते ही देखते यह नवाचार उनकी पहचान बन गया। वर्तमान में हेमलता 52 एकड़ से अधिक भूमि पर ड्रोन के माध्यम से छिड़काव कर चुकी हैं और इससे लगभग 1.80 लाख रुपये की आय अर्जित कर चुकी हैं। उनका यह प्रयास न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना रहा है, बल्कि आसपास के किसानों को भी आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है।

हेमलता का योगदान केवल यहीं तक सीमित नहीं है। वे "बैंक सखी" के रूप में भी सक्रिय हैं और समूह की अन्य महिलाओं को वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही हैं। उनके स्व-सहायता समूह को स्कूलों में मध्यान्ह भोजन तैयार करने का कार्य भी मिला है, जिससे समूह की आय में लगातार वृद्धि हो रही है।

उनके प्रयासों को सराहते हुए मिशन और बैंक द्वारा उन्हें प्रतिमाह 3000 से 5000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। आज उनके परिवार की मासिक आय 12,000 से 15,000 रुपये तक पहुंच चुकी है, जो उनके संघर्ष और सफलता की सजीव तस्वीर पेश करती है। हेमलता विश्वकर्मा की कहानी यह संदेश देती है कि अवसर और संकल्प का संगम किसी भी जीवन को नई दिशा दे सकता है।

## वंदे भारत यात्रा का जगह-जगह किया गया स्वागत, किया गया गीत गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अभाविप नरसिंहपुर विभाग द्वारा वंदे मातरम के 150वे वर्ष पर आयोजित वंदे मातरम रथ यात्रा के आगमन पर जगह जगह स्वागत किया गया। यह यात्रा विभिन्न शैक्षणिक परिसरों में माँ भारती के जय घोष के साथ यात्रा पहुंचीं एवं नगर के विभिन्न महाविद्यालय परिसरों के साथ-साथ कटनी डिग्री कॉलेज में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) के यूनिट कैंप में माँ भारती के जय घोष के साथ पहुंची। यात्रा के तृतीय दिवस बरही, विजयराघवगढ़, कैमोर के सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय परिसरों में जाकर युवाओं के बीच में वंदे मातरम गायन के पश्चात सभी से



वंदे मातरम के रचयिता श्री बंकिम चंद्र चटर्जी के बारे में जानने एवं उनके प्रसिद्ध उपन्यास आनंद मठ को पढ़ने एवं वंदे मातरम को अपने जीवन में आदर्श बनाते हुए भारत माता के प्रति सेवा का भाव जागृत करने को कहा यात्रा संयोजक एवं विभाग संयोजक सीमांत दुबे ने बताया कि वंदे मातरम रथ यात्रा का आयोजन करने का उद्देश्य यह है कि कैसे विद्यार्थी जीवन में रहते हुए हर एक विद्यार्थी अपनी शिक्षा के साथ भारत भूमि एवं भारत माता की सेवा कैसे कर सकता है इस भाव को जागृति करना एवं हमारे राष्ट्रगीत वंदे मातरम के प्रति ऐसा भाव प्रकट करना जिसने हमारे स्वतंत्रता संग्राम मे भी अहम भूमिका निभाई थी।

## खबर संक्षेप

### द्वितीय अवसर एमपी बोर्ड परीक्षा 7 मई से होगी

**कटनी।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब विद्यार्थियों के लिए द्वितीय परीक्षा आयोजित की जा रही है। माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10 वीं और कक्षा 12 वीं के जो विद्यार्थी अनुपस्थित रहे, अनुत्तीर्ण हुए या अंक सुधारना चाहते हैं, वे निराश न हों, सरकार उनके साथ खड़ी है। द्वितीय अवसर परीक्षा 7 से 25 मई तक आयोजित होगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 22 अप्रैल की रात 12 बजे तक एम.पी. पोर्टल के माध्यम से भरे जा सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों को पिछली बार से अधिक परिश्रम और बेहतर करने के लिए एक मौका और दिया गया है।

### द्वितीय नेशनल लोक अदालत 9 मई को

**कटनी।** नालसा के निर्देशानुसार शनिवार 9 मई को इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इस नेशनल लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए लोक अदालत में समस्त प्रकार की तैयारी हेतु सर्व संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। नालसा द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत का प्रचार-प्रसार, आवश्यक व्यवस्था हेतु सर्व संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए हैं। द्वतीय नेशलन लोग अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक, बैंक, एमएसीटी, वैवाहिक, श्रम, बिजली/जलकर , बैंक रिकवरी, वैवाहिक, श्रम और प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी समझौते से तुरंत निराकरण किया जाएगा। यह आपसी सहमती से विवाद के अंत का एक अनौपचारिक मंच है। इसके लिए कोई अतिरक्त फीस भी नहीं देना होता है, यह भविष्य में होने वाले खर्च समय से बचाव का अवसर है। उपरोक्त दिनांक को इस संबंधित लोग नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकते हैं।

### भरदा बड़खेड़ा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**स्लीमनाबाद।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा जारी किए गए हाई स्कूल परीक्षा के परीक्षा परिणामो में शास हाई स्कूल बडखेरा भरदा का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जो गत वर्ष के परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत से 10 प्रतिशत अधिक रहा। विद्यालय में अध्ययनरत 38 छात्रों में से 30 प्रथम स्थान पर वह 8 द्वितीय स्थान पर रहे।विद्यालय की छात्रा सृष्टि मिश्रा ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, दुर्गेश कुम्हार 90.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर व कपिल चौधरी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय प्राचार्य बृजेश कुमार क्षत्री ने सभी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए ऐसे ही परिश्रम करके आगे बढ़कर परिवार का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्राचार्य ने जिला शिक्षा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन सभी शिक्षकों की कड़ी मेहनत व लगन का परिणाम बताया है।

---

### सबसे पहले छोटे रकवे के किसानो से हो रही खरीदी

# जिले में अब तक 679 किसानों से एक हजार मीट्रिक टन गेंहू हुआ उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी जारी है। इसके लिए सभी खरीदी केन्द्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने समूची खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से संचालित करने की हिदायत दी है जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 459 किसानों से 1 हजार 2 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। वहीं 14 हजार 205 किसानों के स्लॉट बुक हैं। खरीदी के मामले में ढीमरखेड़ा की प्राथमिक साख समिति, दशरमन अग्रणी है जहां अब तक 48 किसानों से 143 मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। इसी तरह प्राथमिक साख सहकारी समिति, देवरी मंगेला में 37 किसानों से 117 मीट्रिक टन और प्राथमिक साख समिति, कचनारी में 50 किसानों से 100 मीट्रिक टन खरीदी हो चुकी है।

#### छोटे रकवे के किसानों के गेहूं की हो रही खरीदी

कलेक्टर तिवारी ने सबसे पहले छोटे रकवे वाले किसानों फिर मध्यम और बाद में बड़े किसानों से गेहूं उपार्जन के निर्देश दिए हैं। अन्नदाता किसानों को उपार्जन में कोई असुविधा न हो इसके लिए सभी एसडीएम को उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण कर इंतजामों की निगरानी करने और सहायक आयुक्त सहकारिता को भी खरीदी केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।

कलेक्टर के निर्देश पर उपार्जन केंद्रों में गेहूँ विक्रय की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उपार्जन केन्द्रों में छायादार स्थान में बैठने और पेय जल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केंद्र में बारदाने, तौल कांटे सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

#### समर्थन मूल्य के साथ किसानों को बोनस भी

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। गेहूँ के उपार्जन के लिये आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे खरीदी केंद्र में साफ-सुथरा गेंहू लायें।

---



## पुलिस की सघन चैकिंग से अपराधियों में हड़कंप, शैडो एरिया पर पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लगातार आपराधिक गतिविधियों को बढ़ते देख उन पर नियंत्रण लगाने के उद्देश्य एवं कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए पुलिस अब 'एक्शन मोड' में नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले के चिन्हित 'शैडो एरिया' (अपराध-प्रवण और एकांत स्थान) पर विशेष निगरानी अभियान शुरू किया गया है। सोमवार को खुद एसपी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ASP) डॉ. संतोष डेहरिया ने औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने कुठला थाना क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों जैसे चमड़ा गोदाम, इंदिरा नगर, पन्नी कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर और लमतड़ा ओवर ब्रिज सहित कई 'शैडो एरिया' का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राउंड पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि संदिग्ध गतिविधियों पर किसी भी सूरत में ढील न बरती जाए।

वहीं, एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया ने माधव नगर क्षेत्र के अमकुही पहाड़ी, एसीसी, बंगला लाइन और अमीरगंज जैसे इलाकों में गश्त दल को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों की धज्जियाँ उड़ाने वालों पर भी सख्त कार्यवाही की गई। 125 से अधिक वाहनों की सघन तलाशी करते हुए चालानी कार्यवाही की गई। बिना हेलमेट, तीन सवारी और नशे में वाहन चलाने वाले 42 वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से कुल 22,900 रुपये की राशि का जुर्माना भी वसूला गया।

---

*निकाली गई भव्य शोभायात्रा, हुए विविध आयोजन*

## भक्ति व आस्था से मनाया सिंहवाहिनी का 32वां स्थापना दिवस, चढ़ाया 56 भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



नगर में स्थित मां सिंहवाहिनी मंदिर मे सोमवार को भक्ति की आस्था का सरोबोर नजारा देखने को मिला जो अद्भुत था। अवसर था मां सिंहवाहिनी के 32 वें ओर रसिक बिहारी जू सरकार का 22वां स्थापना दिवस का।सिंहवाहिनी महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा मां सिंहवाहिनी का 32 वां स्थापना दिवस भव्यता व धूमधाम से मनाया गया।स्थापना दिवस को जन्मदिवस के रूप मे मनाया गया। स्थापना दिवस की बेला पर प्रात 9 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अभिषेक-पूजन किया गया, 12 बजे रामचरित मानस पाठ आयोजित हुआ। शाम 4 बजे शोभायात्रा निकाली गई। पहली बार मां सिंहवाहिनी को नगर भ्रमण कराया। शोभायात्रा में जय जगत जननी के जयकारे गूंज रहे थे। साथ शाम 6 बजे महाआरती की गई, फिर रात 8 बजे स्थापना दिवस को जन्मदिवस के रूप मे मनाया गया जिसका सिलसिला देर रात चला।

इस के दौरान ढोल नगाड़ों की धुन पर भक्तिमय गीत व नृत्य की प्रस्तुतियां महिलाओं ने दी। सिंहवाहिनी मां के स्थापना दिवस के साथ साथ ही रसिक बिहारी जू का भी 22 स्थापना दिवस मनाया गया। भगवान बांके बिहारी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। महिलाओं के द्वारा 56 प्रकार का भोग बांके बिहारी को अर्पित किया गया । महिलाओं के द्वारा मंगलमय गीत गाये व नृत्य भी किया गया। इस दौरान महिलाओं ने एक दूसरे को तिलक लगाकर मुंह मीठा करते हुए स्थापना दिवस का आनंद उठाया। इस दौरान पंडित दिलीप पौराणिक,जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, बृजेश दुबे, नरेंद्र दुबे,जयदीप त्रिपाठी, गणेश त्रिपाठी,कार्तिक त्रिपाठी,अनुराग मिश्रा, आदित्य दुबे,नितिन अग्रहरि, राकेश साहू,नरेंद्र यादव,सहित क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ की उपस्थिति रहे।

---

### धूमधाम से निकाली गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा



भगवान परशुराम की जयंती पर ब्राम्हण समाज के द्वारा उमरियापान में धूमधाम से भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विप्रजनों ने भगवान परशुराम का पूजन किया। मंदिर प्रांगण से देरशाम शोभायात्रा शुरू हुई, जो गांव के प्रमुख मार्गों से होकर पुन: बडी माई मंदिर पहुचीं, जहा शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की जीवांत झांकिया शामिल रही। कार्यक्रम में भेड़ा के संत ब्रम्हानंद महाराज पहुंचे व उत्तरप्रदेश अयोध्या धाम हनुमान कुटी के संत श्रीराम दास महाराज भी शोभायात्रा में रथ पर सवार रहे। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान की झांकियों का स्वागत किया और संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। राधा कृष्ण की वेशभूषा धारण कर नृत्य करते कलाकारों की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही।

---

## किसानों की समस्याओं पर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




किसानों की समस्याओं को लेकर सोमवार को कलेक्टर के नाम बहोरीबंद एसडीएम राकेश चौरसिया के माध्यम से कांग्रेस द्वारा एक ज्ञापन सौंपा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सौरभ सिंह द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है कि बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत गेहूं उपार्जन हेतु बहोरीबंद क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पटोरी स्थित सायलो केन्द्र निर्धारित किया गया है। अगर सायलो केन्द्र में गेहूं की खरीदी की गई तो क्षेत्र के अधिकांश लघु सीमांत किसान वहां पहुंच नहीं पाएंगे। जिससे वह किसान बिचौलियों और व्यापारियों को अपनी मेहनत की उपज बेचने को मजबूर होंगे। जिससे क्षेत्र में विस्फोटक स्थिति निर्मित हो सकती है। क्षेत्र के हर किसान के हितों को ध्यान में रखते हुए पूर्व की तरह क्षेत्र में गेहूं उपार्जन केन्द्र स्थापित किए जाए। जिससे किसानो को परेशानियों बचया जा सकें। बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र के सभी गोदाम स्तरीय तथा समिति स्तरीय खरीदी केंद्रों को यथास्थिति बनाए रखें, अन्यथा कांग्रेस क्षेत्र के किसानों के हित में धरना और उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपा जाने के दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, जिला महामंत्री अजय गर्ग, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ के एल जैन, सादिक खान, देव सिंह पटेल, गणेश नारायण गुप्ता, के एल राय,संतोष पटेल, नीरज पटेल, संजय जैन, सचिन राजपूत, विजय तिवारी, कमला विश्वकर्मा, दयाशंकर गुप्ता, पूर्णेन्द, रमेश पटेल, मोंटी पांडे, अजय खम्परिया, शुभम पटेल, राजेश तिवारी मौजूद रहे।

---

*ग्रामीण अंचलों में धूमधाम व पारंपरिक रहा उत्सवी माहौल*

## वट वृक्ष के नीचे गुड्डे-गुडियों की शादी करवाकर मनाया अक्षय तृतीया, मंदिरों में हुए धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



सोमवार को अक्षय तृतीया त्यौहार पारंपरिक उत्सवी माहौल पर धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीण अंचलों में विवाह की सारी रस्में पलाश के वृक्ष के नीचे पूरी की गई। अगले चरण मे वट सावित्री अमावस्या को वटवृक्ष के छाव में भोज के आयोजन के साथ उनका गठबंधन खोला जाएगा ।अक्षय तृतीया के पर्व पर ग्रामीण अंचलों में बालक_बालिकाएं आम और बरगद के नीचे बैठकर मिट्टी के बने हुए गुड्डे-गुड़ियों (पुतरा-पुतरियों) का विवाह रस्म कराया गया। साथ ही प्रसाद के रूप नए चने की दाल वितरण की गई। इन्हें सत्यवान और सावित्री का प्रतीक भी कहा जाता है। अक्षय तृतीया के अवसर पर स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मै महिला मंडल के द्वारा रामचरित मानस पाठ आयोजित किया ।साथ ही सायकालीन आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। वही दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, हरिदास ब्रजधाम कोहका, कोडिया स्थित श्रीराम जानकी मंदिर, खिरहनी स्थित जगदीश धाम में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिट्टी के नए घड़ा-कलश किये गए स्थापित-इस दिन मिट्टी के नये घड़ों-कलशों में जल भर कर और वट के पत्तों से बने दोनों में प्रसाद लगाकर घरो में पूजा की गई। इस दिन लगाई हुई गाँठ बरगद के नीचे ही वट सावित्री (ज्येष्ठ अमावस्या ) को खोली जाएगी। पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि यह मान्यता है कि इस दिन प्रारंभ किये हुए मांगलिक, सृजनात्मक कार्य का प्रभाव अक्षय होता है । इस तिथि का सर्वसिद्ध मुहूर्त के रूप में भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन बिना किसी पंचांग देखे कोई भी शुभ मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, वस्त्र, आभूषण खरीदारी संबंधित कार्य किए जाते हैं। भविष्य पुराण के अनुसार इस तिथि की युगादि तिथियों में गणना होती है। सतयुग और त्रेता युग का प्रारंभ और द्वापर युग का समापन भी इसी दिन हुआ था। मां गंगा का आगमन और महाभारत युद्घ की समाप्ति भी इसी दिन हुई। यह तिथि बसंत ऋतु के अंत और ग्रीष्म ऋतु का प्रारंभ दिन भी है। इस दिन दान करने से कोई क्षय नहीं होता है।

---

### होटल अरिंदम में हुआ समारोह, शहर के गणमान्य नागरिकों की रही उपस्थिति

# जनता की आवाज उठाने का कार्य करता है कवि: विधायक संदीप जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





काव्य संग्रह अनुभूति के विमोचन कार्यक्रम का समारोह होटल अरिंदम के सभागार किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अगर आपमें काम करने का जज्बा है, तो आप किसी भी लक्ष्य को सहजता के साथ साध सकते हैं। जीवन में ध्येय महत्वपूर्ण होता है। आपका जज्बा आपको हारने नहीं देता। मन में कोई मिशन हो तो उम्र भी हार जाती है।

समारोह की अध्यक्षता संदीप जायसवाल ने की। कार्यक्रम समारोह में अन्य अतिथियों के रूप में रामजी श्रीवास्तव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, वरिष्ठ कवि मनोहर मनोज, डॉ प्रगति सेठ और नितिन श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। समारोह में शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और अभिनंदन पत्र से अतिथियों का सम्मान भी किया गया। अतिथियों ने रिबन खोलकर काव्य संग्रह अनुभूति का विमोचन किया। काव्य संग्रह अनुभूति के विमोचन समारोह का शुभारंभ वीणावादिनी मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके उपरांत अनुभूति पटेल ने अपने मधुर कंठ से सरस्वती वंदना एवं भजनों की शानदार प्रस्तुति दी।

साहित्य संध्या को बनारस के युवा गीतकार वैभव अवस्थी और लखनऊ के युवा कवि दावर रजा की काव्य प्रस्तुतियों ने यादगार बना दिया। समारोह में शहर के सभी वर्गों के प्रतिष्ठित लोगों, राजनेताओं, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ कटनी के काव्य जगत से जुड़े लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर आयोजन को बेजोड़ बना दिया। लोगों की यही प्रतिक्रिया थी कि अरसे बाद साहित्य का ऐसा गुलशन सजा, जिसकी खुशबू से पूरा परिसर महक उठा। समारोह में काव्य संग्रह अनुभूति की समीक्षा कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ चित्रा प्रभात ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम संयोजक आशीष सोनी ने आभार व्यक्त किया।

संदीप जायसवाल विधायक संदीप जायसवाल ने जनकवि सुरेश सोनी के काव्य संग्रह अनुभूति के विमोचन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने नगर निगम से रिटायरमेंट के बाद भी अपनी काव्य यात्रा को जारी रखा, यह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि एक कवि व्यंग्य और वेदना को अपने शब्दों में पिरोकर जनता की आवाज को उठाने और जगाने का काम करता है।कार्यक्रम संयोजक आशीष सोनी ने पिता सुरेश सोनी ऋतुराज की कविताओं के जरिए पुराने दिनों की यादों को ताजा किया। मेरी पुस्तक देर से आई है, क्योंकि में सीधे रास्ते से आया हूं...वरिष्ठ कवि सुरेश सोनी ऋतुराज ने काव्य पाठ करते हुए अपनी लोकप्रिय कविता मिटी हाथ से यश की रेखा...हमारे हिस्से आई आग प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम में समा बांध दिया।

कार्यक्रम में एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, सीएसपी नेहा पच्चीसिया सहित शहर के वरिष्ठ नागरिक, कवि, एवं उद्योगपतियों की मौजूदगी रही।

---



## किसानों को पुष्प माला पहनाकर किया उपार्जन केन्द्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति उमरियापान अंतर्गत खाम्हा स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र का शुभारंभ सोमवार को विधिवत रूप से किया गया। उमरियापान मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, मंडल महामंत्री अंकित झारिया, सरपंच सुशील पाल, प्रदीप चौरसिया ने किसानों को पुष्प माला पहनाकर खरीदी कार्य की शुरुआत की।

खरीदी के प्रथम दिवस किसान परमेश्वर दयाल कुर्मी, सनद कुमार कुर्मी, मिथला बाई कुर्मी की गेहूं की उपज की तौल की गई। इस मौके पर खरीदी केंद्र प्रभारी अनूप मिश्रा, पीयूष मिश्रा, प्रदीप पाण्डेय,प्रशांत चौरसिया सहित क्षेत्र के अनेक किसान मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नवागत थाना प्रभारी ने देर रात की वाहन चेकिंग

चंदला। नवागत थाना प्रभारी श्रद्धा शुक्ला ने पदभार ग्रहण करते ही अपराधियों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़े तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को प्राथमिकता देते हुए चंदला पुलिस ने देर रात बस स्टैंड और सर्किट हाउस के पास व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस औचक कार्रवाई से इलाके के असामाजिक तत्वों और नियम तोड़ने वालों में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी श्रद्धा शुक्ला ने स्वयं मौके पर मौजूद रहकर अभियान की कमान संभाली। पुलिस टीम ने हर आने-जाने वाले दुपहिया और चार पहिया वाहनों की गहनता से तलाशी ली। चेकिंग के दौरान न केवल वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई, बल्कि संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई। थाना प्रभारी ने स्वयं वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विशेष रूप से ड्रिंक एंड ड्राइव को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का यह सक्रिय कदम क्षेत्र में सुरक्षा का भाव पैदा कर रहा है।

### जाम के झाम में फंसी तहसीलदार की गाड़ी

चंदला। नगर में यातायात व्यवस्था इस कदर ध्वस्त हो चुकी है कि अब आम जनता तो दूर, प्रशासनिक अधिकारी भी सुरक्षित नहीं हैं। बीते रविवार की रात जो नजारा देखने को मिला, उसने नगर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था की पूरी पोल खोलकर रख दी। चंदला तहसील में पदस्थ तहसीलदार नारायण अनुरागी स्वयं करीब आधे घंटे तक जाम के झाम में फंसे रहे। स्थिति इतनी शर्मनाक हो गई कि घंटों की मशक्कत के बाद भी जब जाम नहीं खुला, तो मौके पर मौजूद चंदला पुलिस को तहसीलदार की गाड़ी को पीछे करवाकर उन्हें वापस भेजना पड़ा।यह घटना चंदला-लवकुश नगर मार्ग पर बड़े पूर्वा से लेकर बछौन तिराहा के बीच की है, जहाँ वाहनों की लंबी कतारों की वजह से तहसीलदार की गाड़ी रेंगने को मजबूर हो गई। नगर की इस चरमराई व्यवस्था ने प्रशासन की गंभीरता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि जब एक राजपत्रित अधिकारी को इस तरह की फजीहत का सामना करना पड़ रहा है, तो आम मरीजों, छात्रों और राहगीरों का क्या हाल होता होगा? सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या तहसीलदार नारायण अनुरागी इस घटना के बाद नगर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस कदम उठाएंगे, या फिर चंदला की जनता को इसी तरह जाम में रेंगने के लिए छोड़ दिया जाएगा।

### उपनयन और समावर्तन संस्कार ने बटुकों को बनाया वेद अध्ययन का अधिकारी

छतरपुर । आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बने सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में संचालित गुरुकुलम में सनातन वैदिक परंपराओं के अनुरूप बटुक ब्राह्मणों का उपनयन और समावर्तन संस्कार किया गया। बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा संचालित सनातन वैदिक गुरुकुलम में काशी से पधारे विद्वान आचार्यों ने वैदिक विधि-विधान से बटुकों को संस्कारित किया।

बैसाख के तीसरे सोमवार और अक्षय तृतीया पर भक्तिमय हुआ पूरा क्षेत्र

# जागेश्वर धाम बांदकपुर में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



दमोह जिले के पवित्र तीर्थ स्थल जागेश्वर धाम बांदकपुर में बैसाख के तीसरे सोमवार और पावन अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह की पहली किरण के साथ ही मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं और "हर-हर महादेव" के गगनभेदी जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। दूर-दराज के गांवों और शहरों से हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि इस दिव्य संयोग पर किए गए दर्शन-पूजन से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है, यही कारण है कि हर वर्ष इस अवसर पर यहां आस्था का सैलाब उमड़ता है। इस पावन दिन पर विधि-विधान के साथ घट पूजन किया गया। भगवान को विशेष रूप से सत्तू-सतुआ का भोग अर्पित किया गया और बाद में सूखा सत्तू पूरे नगर में प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम चलता रहा। इसी अवसर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव भी पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ मनाया गया। क्षेत्र के विप्रजनों और श्रद्धालुओं ने मिलकर पूजन-अर्चनाएं संपन्न कीं, जिससे वातावरण और भी अधिक पवित्र और आध्यात्मिक हो गया। अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में मंदिर परिसर में दर्जनों विवाह भी संपन्न हुए। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक रीति-रिवाजों के बीच नवविवाहित जोड़ों ने भगवान के साक्षी में सात फेरे लिए, जिससे पूरा परिसर मंगल ध्वनियों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ पेयजल, छाया और स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और दर्शन सुगमता से संपन्न हो सकें। मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक राम कृपाल पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि "अक्षय तृतीया और बैसाख के सोमवार का यह विशेष संयोग अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है और सभी धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न कराए गए। जागेश्वर धाम में उमड़ी यह विशाल भीड़ एक बार फिर इस बात का प्रमाण बन गई कि क्षेत्र में आस्था, श्रद्धा और सनातन परंपराओं की जड़ें कितनी गहरी हैं। यहां का दिव्य वातावरण हर भक्त को आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है।

# श्रीमद्भागवत कथा में गूंजे भक्ति के भाव, कृष्ण रासलीला और रुक्मिणी विवाह का भव्य प्रसंग

तेंदूखेड़ा। समीपस्थ ग्राम गुहची में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह में कथा वाचक पं. उमाशंकर शास्त्री ने भक्तिमय प्रवचन देते हुए कहा कि भगवान सदैव अपने भक्तों की इच्छाओं की पूर्ति करते हैं और उनकी कृपा से ही जीवन में सच्चा आनंद प्राप्त होता है। कथाव्यास ने कहा कि ब्रज भूमि की रज के लिए बड़े-बड़े विद्वान भी



अभिभूत रहते हैं। भगवान के अवतार का मुख्य उद्देश्य उनकी करुणा और भक्तों के प्रति प्रेम है। उन्होंने बताया कि वृंदावन में भगवान केवल मनुष्यों के ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों तक के भावों को समझकर उनकी इच्छाएं पूर्ण करते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण गाय के लिए बछड़े का रूप धारण कर उसकी इच्छा पूरी करते हैं, वहीं बंदरों के मनोरथ को भी पूरा करते हुए उन्हें अपने हाथों से माखन खिलाते हैं। यहां तक कि भगवान अपने शत्रुओं के भावों को भी स्वीकार कर उन्हें भी उचित फल प्रदान करते हैं। कथाव्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के प्रेम और भावनाओं को पूर्ण करने के लिए दिव्य रासलीला की रचना की। शरद पूर्णिमा की रात्रि योगमाया की शक्ति से सम्पन्न यह रासलीला भगवान की दिव्य लीलाओं का सार है, जिसे समझना ही भक्ति का वास्तविक अर्थ है। उन्होंने आगे कहा कि संसार में बांसुरी की मधुर धुन हर गोपी को ऐसा अनुभव कराती थी मानो वह केवल उसके लिए ही बज रही हो, और यही निर्मल मन की पहचान है। इस अवसर पर कथा पंडाल में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का भव्य एवं मनमोहक नाट्य रूपांतरण भी प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया।

## नगर परिषद सीएमओं व लेखापाल की कार्यशैली चर्चाओं में

पथरिया। नगर परिषद में विगत महीनों से जबसे प्रभारी सीएमओं व प्रभारी लेखापाल दीपक कोष्टी तेंदूखेड़ा को पथरिया का प्रभार मिला है बहुत कम ही लोग जानते होंगे कि नगर परिषद में वर्तमान सीएमओं व लेखापाल कौन है क्योंकि कार्यालय कब आना होता है कब जाना निश्चित नही वही नगर में सीएमओं कब निरीक्षण करती होगी यह भी चर्चाओं में हैं दमोह में निवास करती हैं पथरिया में साफ सफाई व पेयजल आपूर्ति की बात भलें अखबारों में छप रही लेकिन अधिकारी द्वारा कोई ध्यान नही दिया जाता मोबाइल से निर्देश दिए जाते हैं वही प्रभारी लेखापाल की बात करें तो कभी फोन नही उठाते जिससे आमजन परेशान हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी के सब कार्य शायद हो रहें होंगे जिससे कोई बात उनके द्वारा नही की जाती है। जिला कलेक्टर से मांग है कि नगर परिषद में पदस्थ प्रभारी सीएमओं व लेखापाल की कार्यालय में दिन व समय उपस्थिति रहने का तय किया जाए ताकि आमजन को अगर कोई काम है तो समय सीमा में पूरा हो सकें।

स्व-गणना फॉर्म भरने की अपील, 16 से 30 अप्रैल तक भरे जा रहे स्व-गणना फॉर्म

# जनगणना से मिलेगा सटीक डेटाः राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कहा कि प्रदेश में जनगणना की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इसके अंतर्गत उन्होंने स्वयं आज स्व-गणना फॉर्म भरकर इसकी शुरुआत की। उन्होंने बताया कि यह फॉर्म बेहद सरल और सहज है, जिसमें लगभग 34 प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा फॉर्म में घर की स्थिति, कमरों की संख्या, कच्चा या पक्का मकान, उपलब्ध सुविधाएं और शौचालय जैसी सामान्य जानकारियां पूछी जाती हैं, जिन्हें आसानी से भरा जा सकता है। उन्होंने इसे डिजिटलाइजेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम बताया। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व-गणना फॉर्म भरे जा रहे हैं, जबकि 1 मई से प्रगणक द्वारा जानकारी एकत्र की जाएगी। यदि नागरिक समय पर स्वयं फॉर्म भर लेते हैं, तो आगे की प्रक्रिया और भी सरल हो जाएगी। राज्यमंत्री श्री पटेल ने बताया यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को एक आईडी मिलेगी। इस आईडी के माध्यम से उसकी सभी जानकारी सुरक्षित रूप से दर्ज रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर आसानी से उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि जनगणना के बिना देश और प्रदेश की योजनाओं का सही निर्माण संभव नहीं है। आगामी समय में जनगणना पूरी होने के बाद जनसंख्या और विभिन्न वर्गों के आंकड़ों के आधार पर योजनाएं बनाकर विकास को गति दी जा सकेगी। उन्होंने सभी नागरिकों से स्व-गणना फॉर्म शीघ्र भरने और इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग देने की अपील करते हुए शुभकामनाएं दीं।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह एवं महिला बाल विकास विभाग ने संयुक्त रूप से पहल करते हुए विभिन्न टीमों का गठन किया जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पैरा लीगल वालंटियर सम्मिलित रहे । इन टीमों को जिले के मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर तैनात किया गया, जहां इस दिन बड़ी संख्या में विवाह आयोजित होते हैं।



बटियागढ़ तहसील अंतर्गत मां कलेही मंदिर मगरोन अजब धाम फतेहपुर मां हरसिद्धि मंदिर बटियागढ़ वाकायन हनुमान मंदिर में टीमें रही तैनात अभियान के दौरान टीमों में शामिल पीएलवी रूपेन्द्र सिंह ने लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया। साथ ही, बाल विवाह कराने पर लागू कानूनी प्रावधानों और दंड की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। मां कलेही माता मंदिर मगरोन में पीएलवी रूपेन्द्र सिंह सुपरवाइजर श्रीमती निशा ठाकुर श्रीमती जानकी सोनी श्रीमती कुंती विश्वकर्मा श्रीमती पूजा दुवे श्रीमती लक्ष्मी लखेरा ने लोगो से संवाद किया जानकारी दी। प्रशासन ने आमजन से अपील की कि वे इस कुप्रथा को समाप्त करने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध बाल विवाह की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दें। अभियान को लेकर जिलेभर में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली।

# भगवती मानव कल्याण संगठन ने पकड़ी अवैध शराब



दमोह। नशा मुक्ति जन आंदोलन के तहत भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संयुक्त तत्वाधान में दमोह जिले के बांदकपुर सेक्टर के ग्राम आनु में आज दिनांक 20 अप्रैल 2026 को अलग-अलग स्थान पर रात्रि में दो जगह अवैध शराब जो मोटरसाइकिल से परिवहन कर रहे आरोपी अरविंद सिंह ठाकुर जो वन विभाग पुलिस कर्मी पटेरा तहसील के कोटा बीड में पदस्थ है। वह रात्रि 3:25 पर ग्राम आनु में रेलवे लाइन पुलिया कालू फाटक पर एक पेटी लाल अवैध मसाला मोटरसाइकिल स्प्लेंडर काले कलर की एमपी 34 जेडई 26 12 से ले जा रहा था एवं दूसरी जगह रात्रि 1:50 पर चार पेटी लाल अवैध मसाला राजेंद्र तिवारी पिता गणेश तिवारी मोटरसाइकिल डीलक्स काले कलर से अवैध शराब ले जा रहा था। जिसकी सूचना भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों ने थाना हिंडोरिया चौकी बांदकपुर पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंच कर अवैध शराब मोटरसाइकिल एवं आरोपी को अपने हिरासत में लेते हुए आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया गया।

# युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर हुई बैठक

दमोह। भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के आगामी 22 अप्रैल को प्रथम दमोह आगमन को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मृदुल मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह परिहार, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल एवं जिला मीडिया प्रभारी एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन के आतिथ्य में किया गया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, स्वागत व्यवस्था एवं विभिन्न जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का यह प्रवास संगठन के लिए महत्वपूर्ण है। सभी कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ जुटें, ताकि कार्यक्रम भव्य और सफल हो सके। युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मृदुल मिश्रा ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। यह प्रवास युवाओं को संगठन से जोड़ने और नई ऊर्जा देने का अवसर बनेगा। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन ने कहा कि जिले के सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। हम सभी मिलकर इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूर्ण तैयारी में जुटे हैं। प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर 22 अप्रैल को दमोह प्रवास पर रहेंगे। वह पन्ना से रात्रि विश्राम के बाद दमोह आयेंगे। जिनका कोटा कुंडलपुर, पटेरा, हिण्डोरिया, समन्ना, धरमपुरा, पुराना थाना, टॉकीज तिराहा, घंटाघर, अम्बेडकर चौराहा आदि जगह पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा एवं सभी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत अभिनंदन कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया जायेगा। बैठक में युवा मोर्चा जिला महामंत्री कार्तिक शैलार महेंद्र राठौर, , जिला उपाध्यक्ष आदित्य राय कोषाध्यक्ष अनुराग नेमा सहित अन्य पदाधिकारी एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बांदकपुर के सोमेश चौबे ने रचा इतिहास

बनवार। दमोह जिले के ग्राम बांदकपुर से एक गौरवपूर्ण खबर सामने आई है, जहां के होनहार छात्र सोमेश चौबे ने अपनी मेहनत और लगन से शानदार सफलता हासिल



कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सोमेश चौबे, पिता पुष्पेंद्र चौबे, ने सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में कक्षा 10वीं की परीक्षा में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे गांव में खुशी और गर्व का माहौल है। बताया जा रहा है कि सोमेश शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं और उन्होंने नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के शिक्षकों ने भी उनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सोमेश की इस सफलता पर परिजनों एवं ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी और कहा कि उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

# हर बूंद की कीमतः युवाओं ने बताया कैसे बचाएं पानी

## जल संरक्षण बने आदत, तभी बचेगा भविष्य



तेंदूखेड़ा। पानी की एक-एक बूंद कितनी कीमती है, इसका एहसास तब होता है जब पानी की किल्लत हो। खासतौर पर गर्मियों में इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में छोटी-छोटी पानी की बचत जरूरी हो जाती है। जल संरक्षण युवाओं ने बताया कि वे कैसे दिनचर्या में अच्छी आदतों को शामिल करके बचत करते हैं। युवाओं ने बताया कि जल संरक्षण मौसम के अनुसार नहीं होना चाहिए, बल्कि यह एक आदत होनी चाहिए। हर दिन पानी के उपयोग में कमी करते हुए इसे कंट्रोल में रखें ताकि गर्मी में हम पानी बचा सकें। राजकुमार लोधी नरगुँवा कहते हैं कि वेस्ट पानी का भी उपयोग किचन से निकलने वाले पानी की निकासी घर के गार्डन की ओर की जा सकती है। ऐसे में जो पानी एक बार उपयोग हो चुका है, उसे पौधों की सिंचाई के लिए दोबारा उपयोग में लाया जा सकता है। देशराज सिंह लोधी सरपंच खमरिया शिवलाल कि में नहाने के लिए बाल्टी में पानी लेकर उपयोग करता हूं। शॉवर का उपयोग करने से कितना पानी बेकार चला जाता है, इसका पता ही नहीं चलता, जबकि बाल्टी के उपयोग से पानी की खपत का अंदाजा रहता है गर्मियों में जितनी प्यास लगी हो उतना ही पानी लेना चाहिए ताकि व्यर्थ ना जाए। महेश मंगलम कहते है कि पानी का उपयोग कितना और कहां पर करना हैं, इसके वारे में बच्चों को भी जानकारी देनी चाहिए। मुँह हाथ धोते समय वक्त नल चालू छोड़ना, लम्बे समय तक शॉवर का उपयोग करना, व्यर्थ पानी बहाने जैसी गतिविधियां करने से रोकना चाहिए। नीतू साहू सरपंच संघ अध्यक्ष कहती है कि गर्मियों में आम लोग सबसे ज्यादा पानी का उपयोग कूलर में करते हैं। यदि अपने आसपास पौधे लगाएंगे तो घर में ठंडक बनी रहेगी। घर में ठंडक बनाए रखने के लिए पेड़ों व लगाना एक अच्छा विकल्प है। लक्ष्मी बाई राय सरपंच ने कहा कि जब हम आज पानी बचाएंगे, तभी आने वाली जनरेशन को पीने योग्य धानों मिलेगा। लोग नदियों व तालाबों जाकर पानी प्रदूषित करते हैं। हर व्यक्ति को चाहिए कि ऐसा होता देख वे गलती करने वाले को समझाएं।

# बीच शहर में पिता-पुत्र बना रहे थे अवैध हथियार

छतरपुर।

कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए शहर के बीचों-बीच चल रही एक हथियार फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से पिता और पुत्र को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है, जो अपने घर के आंगन में देशी कट्टे और पिस्टल बनाने का काम कर रहे थे। पुलिस ने इनके पास से निर्मित हथियारों के साथ भारी मात्रा में अधबने हथियार और निर्माण में प्रयुक्त होने वाले उपकरण जब्त किए हैं।सोमवार को उक्त कार्रवाई के संबंध में यातायात थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एसपी अगम जैन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बेनीगंज मोहल्ले में गर्ल्स स्कूल के पीछे एक घर में अवैध रूप से हथियार बनाए जा रहे हैं।

# भगवान परशुराम जयंती पर हुआ हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की जयंती नगर में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर सुबह 10 बजे से ब्लॉक परिसर स्थित पंचवटी धाम मै स्थित भगवान परशुराम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन से हुई, जिसमें क्षेत्र के विप्रजनों एवं श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे वातावरण में भक्ति और आध्यात्मिकता का माहौल व्याप्त रहा। उपस्थित जनों ने विधि-विधान से भगवान परशुराम जी की पूजा कर धर्म लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर विप्र समाज के वक्ताओं ने भगवान परशुराम जी के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम पितृभक्त, तपस्वी एवं न्यायप्रिय देवता माने जाते हैं। उनका जन्म अक्षय तृतीया के पावन दिन हुआ था। वे महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र थे। भगवान परशुराम भगवान शिव के परम भक्त थे और उन्होंने अन्याय के विरुद्ध सदैव संघर्ष किया।

समाज में धर्म और न्याय की स्थापना हेतु उनके योगदान को स्मरण किया गया। वक्ताओं ने यह भी कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं और नई पीढ़ी को उनसे सीख लेने की आवश्यकता है। पूजन कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन में लगभग सभी वर्गों के लोगों की सहभागिता रही, जिससे सामाजिक समरसता और धार्मिक एकता का संदेश भी प्रसारित हुआ। इस दौरान नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं विप्र समाज के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस दौरान विप्र समाज के संरक्षक पंडित रमेश तिवारी, विप्र समाज के अध्यक पंडित ओंकार मिश्रा, रवि शंकर त्रिपाठी, पंडित देवकरण तिवारी ,पंडित भारत अवस्थी, कपिल गोटिया ,राकेश शर्मा ,राकेश दुबे मनोज सरैया मनीष मिश्रा, भोलू मिश्रा, रोहित पाठक ,दिलीप द्विवेदी , जितेंद्र बिलथरे, प्रमोद तिवारी लकी मिश्रा सुधीर पटेरिया ,रुद्र प्रकाश अवस्थी, सुरेंद्र तिवारी, मोंटी तिवारी, बल्लू , पुखराज विदुआ, रामकुमार पांडे सहित अन्य विप्रजन उपस्थित रहे।

# बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित अस्पतालों में धड़ल्ले से हो रहा पैरालाइसिस का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मेहलवारा में पैरालाइसिस का अस्पताल है जहां दूर दूर से मरीज अपना इलाज कराने आते हैं एक ही छत के नीचे मेडिकल,जांच वह भी बिना डाक्टर के जो कि हमेशा से चर्चाओं में बनी रहती है जहां बिना रजिस्ट्रेशन डाक्टर के कोई भी मरीजों को इंजेक्शन लगा देते हैं। लेकिन सोचने वाली बात है कि जिम्मेदार अधिकारियों की आवा-जाही हर माह रहती हैं पर कार्यवाही के लिए नही सिर्फ घूमने के लिए। वैसे चर्चा तो यह है कि सब सेटिग जमी हुई है जिला से टीम में अधिकारी आए पर कुछ नही कर पाए क्या मालूम राजनैतिक तार कही ना कही जुड़े हुए हैं जिनके कारण सब कुछ ठीक ठाक चल रहा है वैसे भी पथरिया ग्रामीण तो दूर नगर में तक प्रमुख सड़कों पर स्पेशलिस्ट डॉक्टर बैठे हुए हैं शासन की नियमानुसार भले वह इलाज नही कर सकते पर राजनीति में होने के कारण सब कुछ मनमर्जी से चल रहा है होम्योपैथी,आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से शिक्षा ग्रहण करके ऐलोपैथिक दवाइयां दें रहें हैं। और फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस का किरदार निभा रहे हैं लेकिन जिनको जांच करनी है वह कर नही सकते क्योंकि उनको डर है कि हम पर कृपा बरसना बंद हो जाएगी। पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्री का क्षेत्र में चहुंओर विकास की बात हो रही जिसमें यह डाक्टर भी कदम से कदम मिलाकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। वैसे शासन के निर्देश यहां चलते नही क्योंकि जैसे ही अधिकारियों को मालूम चलता है कि क्षेत्र किसका है सब एक दूसरे की बात करने लगते हैं। कार्यवाही पूछना पड़ती है कि क्या करें।

**खबर संक्षेप**

## आकांक्षा ठाकुर बनी डॉक्टर

**दमोह।** डॉ. कु.आकांक्षा ठाकुर दमोह ने अपने कठिन परिश्रम और समर्पण से एम.बी.बी.एस. की डिग्री अप्रैल 2026 में मेडिकल कॉलेज ग्वालियर से प्राप्त कर न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे आदिवासी समाज का नाम गौरवान्वित किया है। बिटिया कुमारी डॉ. आकांक्षा ठाकुर की इस उपलब्धि पर सभी परिवारजन एवं समाज अत्यंत गर्व अनुभव करते हैं। पिता अनंदी लाल ठाकुर एवं माता श्रीमती अनीता ठाकुर, नाना श्री नारायण सिंह ठाकुर, पूर्व अपर कलेक्टर, जिला दमोह सहित समाज बंधुओं ने शुभकामनाएं बधाई दी है।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हटा।** नगर के चंड़ी जी वार्ड में एक युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है हटा पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए शव का पोस्टमार्टम करते हुए घटना को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार चंडी जी वार्ड में दीपाली साहू पिता मुन्ना साहू ने दोपहर करीब 12 बजे बंद कमरे में फांसी के फंदा लगा लिया जब शाम 5 बजे तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को संदेह हुआ, जिसके बाद डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी तब पुलिस की उपस्थिति में दरवाजा तोड़ा गया तो युवती फंदे पर झूलती हुई पाई गई। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## विसनाखेड़ी तालाब पर हुआ श्रमदान

**दमोह।** आज ग्राम विसनाखेड़ी तालाब पर ग्रामवासियों ने किया नदी अनुभूति कार्यक्रम के तहत चिंतन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दमोह जिले के विकासखंड दमोह के अभाना सेक्टर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति विसनाखेड़ी के सहयोग से नवांकुर संस्था उन्मुक्त सर्वजन कल्याण समाज सेवी संस्था द्वारा ग्राम विसनाखेड़ी तालाब पर श्रमदान एवं नदी अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ रेवा के पूजन व आरती के साथ हुआ। इसके बाद उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा तालाब पर श्रमदान किया गया, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभाना दान सिंह ने कहा कि नदियों एवं जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का यह अभियान समुदाय की सहभागिता से ही सफल होगा। आप लोगों को संकल्प लेना होगा कि हम सभी लोग मिलकर नदी तालाब को व ग्राम के जल स्रोतों की निरंतर सफाई करेंगे। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता दयाराम पटेल ने कहा कि ग्रामवासियों एवं जन समुदाय में जल संरक्षण की अलख जगाने हेतु नदी अनुभूति कार्यक्रम एक नवाचारी पहल है व राहुल पाठक ने कहा कि नदी अनुभूति कार्यक्रम के माध्यम से हम सब नदी के तट पर बैठकर ध्यान एवं चिंतन के माध्यम से नदी की पुकार सुनेंगे। जिसमें जल स्रोतों के संरक्षण हेतु आमजन में एक सकारात्मक अनुभूति होगी।

### आरोपियों द्वारा 1204 फर्जी सिमे की गई थी एक्टिवेट

# हटा में फर्जी सिम गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

हटा क्षेत्र में कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अवैध रूप से सिम कार्ड एक्टिवेट कर बेचने वाले एक बड़े गिरोह का पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफतार कर भंडाफोड़ किया। यह पूरी कार्रवाई पुलिस मुख्यालय और राज्य साइबर सेल भोपाल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन FACE के तहत की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य फर्जी सिम प्रदाताओं और पहचान छुपाकर सिम बेचने वालों पर नकेल कसना है। थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक दमोह,श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुजीत सिंह भदौरिया व एसडीओपी हटा श्री सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया।

### जांच में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

राज्य और जिला साइबर सेल द्वारा उपलब्ध कराई गई 5 डायरेक्टरी के विश्लेषण से पता चला कि वर्ष 2019 से 2021 के बीच कुल 1204 फर्जी सिम कार्ड सक्रिय किए गए थे। जब टेलीकॉम कंपनियों से प्राप्त CAF (कस्टमर एप्लीकेशन फॉर्म) की सूक्ष्म जांच की गई, तो धोखाधड़ी की परतें खुलने लगीं।

कस्बा हटा निवासी प्रवीनराज दुबे और अखिलेश चौरसिया के बयानों ने मामले को स्पष्ट कर दिया। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने इन गवाहों के आधार कार्ड का दुरुपयोग किया था। आरोपियों ने दूसरों के आधार कार्ड पर अपनी फोटो लगाकर कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और उनके नाम पर फर्जी सिम जारी करवा लिए।

पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर भरत उर्फ मोंटी तंतुवाय पिता देवीसिंह तंतुवाय निवासी कमला नेहरू वार्ड हटा, रजनीश अहिरवार पिता परसराम अहिरवार, निवासी ग्राम कुलुआ हटा को गिरफ्तार कर भारतीय दंड संहिता आईपीसी की धारा 419, 468, 471, 34 एवं आईटी एक्ट की धारा 66 (C) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी अन्य डायरेक्टरी और CAF रिपोर्ट प्राप्त होना शेष है, जिससे इस मामले में और भी बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने बताया कि आरोपी ग्राहकों के वास्तविक आधार कार्ड प्राप्त करते थे। उन दस्तावेजों पर डिजिटल तरीके से अपनी फोटो लगाकर फर्जी पहचान पत्र तैयार करते थे। वेरिफिकेशन के लिए अलग-अलग मोबाइल नंबरों का उपयोग कर सिम एक्टिवेट करते थे और उन्हें आर्थिक लाभ के लिए बाजार में बेच देते थे।

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने पहचान संबंधी दस्तावेज (जैसे आधार कार्ड) किसी भी अनजान व्यक्ति को न दें और सिम कार्ड केवल अधिकृत केंद्रों से ही खरीदें। इस जटिल तकनीकी मामले को सुलझाने में निरीक्षक सुधीर कुमार बेगी, उपनिरीक्षक नरेन्द्र तिवारी, और साइबर सेल से प्र.आर. सौरभ टंडन, राकेश अठया सहित पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## जबेरा में सामुदायिक भवन एवं नाली निर्माण का मंत्री ने किया भूमि-पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

विधानसभा क्षेत्र जबेरा की विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति पर्यटन मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह जी लोधी इस समय जबेरा क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है उसी क्रम में उन्होंने जबेरा नगर से लगी हुई ग्राम पंचायत खेरी सिंगोरगढ़ के ग्राम कांटी में विगत दिवस ₹दादा टण्ड टण्ड आश्रम₹ में 24.99 लाख रुपये की लागत से निर्माण होने वाले ₹सामुदायिक भवन₹ एवं 24.95 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उक्त अवसर पर अपने उद्बोधन में माननीय मंत्री जी ने कहां की निश्चित ही इन विकास कार्यों के निर्माण से ग्राम वासियों को विभिन्न सुविधाएं प्राप्त होगी। ज्ञात हो कि टंडगण्ड बाबा का यह स्थल काफी प्रसिद्ध स्थल है यहाँ पर बाबा जी साधना करते थे। यह आश्रम आज भी सनातन धर्मावलम्बियों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहाँ पर सामुदायिक केंद्र बन जाने से कांटी सहित आसपास के श्रद्धालुयों को विभिन्न आयोजनों में काफी सुविधा होगी। साथ ही दमोह जबलपुर मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण सामान्य यात्री भी दर्शन हेतु आने पर कुछ समय विश्राम कर सकेंगे। उक्त मौके पर बड़ी संख्या में जबेरा एवम कांटी से जनप्रतिनिधि एवं ग्राम वासियों की उपस्थित रही।

### आम के पेड़ के नीचे हुआ गठबंधन

## अक्षय तृतीया पर बच्चों ने की गुड्डा-गुड़िया की शादी



गैसाबाद। अक्षय तृतीया एक ऐसा पर्व है जिस दिन शादी करने के लिए मुहूर्त निकालने की आवश्यकता नहीं होती आज के दिन अधिकांश युवा जोड़ा शादी के पवित्र बंधन में बधते हैं, अक्षय तृतीया के दिन बच्चे भी अपने गुड्डा गुड़िया की शादी करते हैं आम के पेड़ के नीचे बैठकर गुड्डा गुड़िया का गठबंधन कर के देऊल गुड़ एवं पकवान खाकर शादी संपन्न होती है आज बच्चे जो अपनी गुड्डा गुड़िया की शादी की गांठ बांधते है वह गांठ बराबरसात के दिन बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर खोली जाती है यह परंपरा अनेक वर्षों से चली जा रही है आज छोटी छोटी बच्चियों ने अपने गुड्डा गुड़िया को रंग बिरंगे कपड़े पहनाकर धूमधाम से उनकी शादी रचाई और सब बच्चों ने एक साथ बैठकर अपने घर से टोकनी में लाऐ पकवान को मिलबाट के खाकर खुशियां मनाएं।

## भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई



हिंडोरिया। नगर में भगवान परशुराम की जयंती का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया इस दौरान नगर एवं आसपास के ब्राह्मण समाज के लोग उपाध्याय वार्ड के प्राचीन गणेश मंदिर परिसर में एकत्रित हुए1 जहां पर भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हवन पूजन के साथ विधि विधान से पूजन किया गया। और भगवान परशुराम केआदर्श को अपनाने का संकल्प लेते हुए सामाजिक समरसता और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सुधांशु चौबे ने ब्राह्मण समाज से एकजुट होकर राष्ट्र के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान देने का आवाहन किया और कहाब्राह्मण समाज की जागरूकता और एकता से ही राष्ट्र की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय अत्याचार और अहंकार के खिलाफ आवाज उठाई वे न्याय और धर्म के प्रतीक हैं। उनका तेजस्वी जीवन हमें यह सिखाता है कि धर्म की रक्षा के लिए निर्भीक होकर खड़ा होना चाहिए 1उनके आदर्श हमें अन्याय के विरुद्ध एकजुट होने की प्रेरणा देते हैं1प्रेम नारायण प्यासी नेभगवान परशुराम को त्याग तपस्या और न्याय का प्रतीक बताया 1और कहा कि समाज में शिक्षा संस्कार और एकता को बढ़ावा देने के लिए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने आगे कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और समाज के कमजोर वर्गों की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के बाद प्रसाद का वितरण किया गया उक्त अवसर पर गिरिजा प्रसाद चौबे ,शिवकुमार उपाध्याय, प्रेम प्यासी ,विजय दुबे ,बंसी उपाध्यक्ष ,मुकेश उपाध्याय, मनोज तिवारी ,संदीप जोशी, संतोष पुरोहित, मिथिलेश गौतम, आशा मिश्रा, टिल्लू चौबे,कमलेश नामदेव सहित समस्त ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

## बहेरिया में आज से गूंजेगा हर-हर महादेवः रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ

वैशाख मास के पुण्य अवसर पर बहेरिया ग्राम में आज से भव्य रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ होने जा रहा है, जिसे लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। यह धार्मिक आयोजन ग्यारह दिनों तक चलेगा, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु, संत-महात्मा और आचार्य शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे रुद्र महायज्ञ की शुरुआत आज प्रातः विधि-विधान से कलश यात्रा के साथ होगी। गांव की महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में कलश लेकर निकाली जाने वाली यह यात्रा पूरे बहेरिया में भ्रमण करेगी, इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंचांग पूजन और मंडप प्रवेश कर रुद्र महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। रुद्र महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन रुद्राभिषेक, हवन-पूजन, रामचरितमानस कथा एवं भजन-कीर्तन जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विशेष रूप से शाम के समय भजन संध्या और प्रवचन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध संतों द्वारा धर्म और संस्कृति पर प्रकाश डाला जाएगा तथा प्रतिदिन रात्रि में रामलीला का मंचन होगा। यज्ञाचार्य पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया कि इस महायज्ञ का उद्देश्य क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और अच्छी वर्षा की कामना करना है। साथ ही, समाज में सकारात्मक ऊर्जा और धार्मिक भावना को मजबूत करना भी इसका मुख्य लक्ष्य है यज्ञ समिति ने क्षेत्र वासियों सहित सभी श्रद्धालुओ को इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने को आमंत्रित किया है

## चंद्रप्रभु चौधरी मंदिर में 1234 चरित्रशुद्धि विधान का महिलाओं ने किया आयोजन



**दमोह।** पुरुष से पुरुषोत्तम श्री 1008 दिगंबर जैन चंद्रप्रभु चौधरी मंदिर मैं 1234 चरित्र शुद्धि. विधान का आयोजन महिलाओं के द्वारा द्वारा वरिष्ठ पंडित श्री सुभाष चंद्र जी जैन बाबूजी के दिशा निर्देशन में आनंद पूर्वक संपन्न किया गया। जिसमें 1234 व्रत का उद्यापन किया गया। जिसमें 13 प्रकार की शुद्धि बताई गई है 13 प्रकार का चरित्र.5 महाव्रत 5. समिति 3 गुप्ती का मुनिराज निर्दोष पालन करते हैं। इस व्रत के धारण किए बिना किसी भी जीव को मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती है बिना चरित्र धारण किए किसी को मोक्ष नहीं होता पंडित जी द्वारा ऐसा बताया गया इसलिए हमेशा सभी जीवो को मन वचन और काय की शुद्धि पूर्वक ही व्रत करना चाहिए प्रमुख रूप से बहुत सी महिलाओं ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया अपने व्रत का उद्यापन किया लगभग 1400 श्री फल अर्पण कर भक्ति पूर्वक अर्चना की संपूर्ण आयोजन आनंदपूर्वक संपन्न हुआ।

## वैशाख के माह में गौशाला पहुंची महिला महासभा



**दमोह।** मध्यप्रदेश महासभा के तत्वाधान में अध्यक्ष कैलाश मित्तल के निदेशन में महिला महासभा दमोह द्वारा प्रतिवर्ष वैशाख मास में गौशाला जाकर गाय की सेवा की जाती है उसे चारा गुड आटा खिलाया जाता है। इस बार अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर महिला महासभा द्वारा बागेश्वर धाम गौशाला में जाकर कामधेनु गाय की पूजा करके आशीर्वाद के बाद सभी गायों की पूजा की गई। घंटी बांधी सभी गायों की पूजा की। इस कार्यक्रम मे मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रमा अग्रवाल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल, महासभा युवा संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल, संभागीय उपाध्यक्ष अनुलेखा अग्रवाल, जिला अध्यक्ष तारामणि अग्रवाल, जिला युवा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, जिला महामंत्री डॉ अशोक कुमार अग्रवाल, नगर अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल, उपाध्यक्ष अंजलि अनंत अग्रवाल, सचिव मंजू अग्रवाल, सांस्कृतिक मंत्री अर्चनाअग्रवाल नगर मंत्री ज्योति अग्रवाल मीडिया प्रभारी निशा अग्रवाल महासभा सदस्य संगीता , सुमन रीता अनुषा अंजना साधना मंजुला सुमन राकेश प्रतिभा शामिल रहे।

## भक्ति भाव से मनाई श्री परशुराम जयंती



**हटा।** आराध्य भगवान श्री परशुराम जी का पावन जन्मोत्सव ब्राह्मण समाज द्वारा हर्षोल्लास भक्ति भाव के साथ नगर की ब्राह्मण धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। नगर में सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य धार्मिक आयोजन में भगवान परशुराम जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना, हवन-पूजन संपन्न किया गया। इस दौरान संपूर्ण परिसर वेद मंत्रों की गूंज, शंखध्वनि से भक्तिमय हो उठा। विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में यज्ञ कुंड में आहुतियाँ अर्पित कर भगवान परशुराम जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर धर्म, सत्य, पराक्रम एवं न्याय के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इसके उपरांत नगर के विभिन्न मंदिरों के महंतों एवं महात्माओं का समाज द्वारा तिलक-वंदन कर पुष्प मालाओं एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए ब्राह्मण समाज ने सहभागिता निभाई। आयोजन में सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, महिला अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारीगण एवं समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

### नंदिनी श्रीधर 98.6% अंकों के साथ जिले में अव्वल रहीं

## डीएवी ज्ञानोदय विद्या मंदिर का दबदबा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**दमोह।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणामों में स्थानीय 'डीएवी ज्ञानोदय विद्या मंदिर, नरसिंहगढ़ के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। सत्र 2025-26 के परीक्षा फल में संपूर्ण जिले में विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 14 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए । विद्यालय ने समग्र रूप से मध्य प्रदेश जोन-सी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।साथ ही विद्यालय की छात्रा नंदिनी श्रीधर ने भी 98.6% अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय में, बल्कि संपूर्ण दमोह जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और नगर का गौरव बढ़ाया है। परीक्षा परिणामों के अनुसार, नंदिनी श्रीधर 98.6% के साथ शीर्ष पर रहीं। वहीं नमन उपाध्याय और प्रांशु पटेल ने 96.8% अंक साझा कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अपूर्वा श्रीवास्तव 95.8% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय के विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस वर्ष विद्यार्थियों ने कठिन विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। गणित विषय में नंदिनी श्रीधर और सागर सेन ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। वहीं एफ.आई.टी. विषय में गौरी तिवारी और प्रांशु पटेल ने भी 100 में से 100 अंक अर्जित कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रमाणित किया। विद्यालय के प्राचार्य आर.पी. कुर्मवंशी ने इस ऐतिहासिक सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि₹यह हमारे विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अटूट समर्पण और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इन उपलब्धियों ने डीएवी ज्ञानोदय विद्या मंदिर के लिए उत्कृष्टता का एक नया मानक स्थापित किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये छात्र भविष्य में भी इसी तरह सफलता की ऊंचाइयों को छुएंगे। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं हाइडलवर्ग कंपनी के प्रबंधक श्री सुरेश दुबे जी एवं सहायक क्षेत्रीय निदेशक श्री एस.के. सिन्हा जी ने इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि डीएवी के होनहारों ने पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

## अवैध शराब के विरूद्ध हिण्डोरिया पुलिस ने की कार्यवाही

**दमोह।** हिण्डोरिया पुलिस ने अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सुजीत भदौरिया एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय पथरिया सुश्री प्रिया सिंधी के निर्देशन में अवैध शराब के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में थाना हिण्डोरिया का द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध मुखबिर सक्रिय किये गये थे। दिनांक 20.04.26 को थाना हिण्डोरिया पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि, जो कादीपुर - लुहरी तरफ से एक मो. साईकिल आ रही है जिस पर अवैध शराब आ रही है। उक्त सूचना की तस्दीक ग्वारी खेर माता मंदिर के पास मैन रोड पर की गई जो कादीपुर तरफ से एक मोटरसाईकिल आती हुई दिखी जिसे पुलिस स्टाफ के द्वारा रोकने का प्रयास किया जो पुलिस को देखकर गाड़ी के बीच में रखे दो चादरों में लिपटे सामान को छोड़कर भागने लगे जिसे घेराबंदी करके पकड़ा गया जो मो. साईकिल चालक पकड़ा गया एवं मो. साईकिल के पीछे बैठा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हुआ। पकडे गये व्यक्ति का नाम पता पूछा जिसने अपना नाम अमित पिता धर्मेन्द्र सींग लोधी उम्र 24 वर्ष नि. वार्ड क्र. 09 हिण्डोरिया का होना बताया जिससे भागे हुए व्यक्ति का नाम पता पूछा जिसने भागे हुए व्यक्ति का नाम गौरव ठाकुर नि. हिण्डोरिया का होना बताया। मोटरसाईकिल के बीच मे रखे हुये लाल रंग के चादर एवं काले रंग के चादरो मे बंधे सामान को अलग-अलग खोलकर देखा गया जो लाल रंग के चादर में तीन पुट्ठे के कार्टूनों जिसमें देशी मदिरा मसाला शराब एवं काले रंग के चादर में चार पुढे के कार्टून में देशी मदिरा प्लेन शराब रखे होना पाये गये जो उक्त शराब परिवहन के संबंध में अमित ठाकुर से पूछताछ की गई जिसने उक्त शराब गौरव ठाकुर के साथ गौरव ठाकुर की बिना नंबर की काले रंग की होण्डा साइन मो. साईकिल से ग्राम मंहतपुर थाना दमोह देहात तक जाना एवं महतपुर में शास. शराब दुकान मुडिया थाना दमोह देहात के गढ़ीदार द्वारा उक्त शराब देना बताया। आरोपी अमित ठाकुर एव गौरव ठाकुर का उक्त कृत्य 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से देशी शराब कुल शराब 350 पाव / 63 लीटर कीमती 36500 रू. एवं अवैध शराब परिवाहन में प्रयुक्त बिना नंबर की काले रंग की होण्डा साइन मो. साईकिल जिसका चेचिस नंबर **ME**4**JC**856**HHMG**148679 कीमती करीबन 40 हजार रू. कुल मशरूका 76500 रु. विधिवत जप्त की गई। आरोपी अमित लोधी को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर थाना हिण्डोपि. मे अपराध क्रमांक 142/26 धारा 34 (2), 42 आबकारी एक्ट 130/177(3), एमव्ही एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया है। आरोपी गौरव ठाकुर एवं गढीदार शराब दुकान मुडिया की तलाश की जा रही है जिन्हे यथाशीघ्र गिरफ्तार किया जावेगा। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी हिण्डोरिया निरीक्षक धर्मेन्द्र उपाध्याय, सउनि रामकुमार ठाकुर, सउनि जागेश्वर साहू, आर दीपचंद अहिरवार, आर अमित की सराहनीय भूमिका रही।